हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 6 जून 2025

11 तीसरे दिन भी जारी रही कर्मचारियों की हड़ताल

12 विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले भर में किया पौधरोपण

खबर संक्षेप

जसोरखेड़ी में पिता-पुत्र पर पत्थरों से हमला

बहादुरगढ़। गांव जसोरखेड़ी में पिता, पुत्र के साथ मारपीट की गई। ईंट, पत्थर से उन पर वार किए गए। हमले में दोनों को काफी चोट आई है। शिकायत के आधार पर आसौदा थाना पुलिस ने महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सुशील के साथ हुई है। सुशील का कहना है कि बुधवार की रात करीब 11 बजे वह गांव की चौपाल में बैठा था। समय अधिक होने के कारण पिताजी मुझे लेने आ गए। इसी दौरान गांव के एक परिवार के कुछ लोग आ गए, जिनमें एक महिला भी शामिल थी। आते ही उन्होंने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। मुझे व मेरे पिता पर ईंट, पत्थर बरसा दिए। इस हमले में हमें काफी चोट आई। आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कराया। इसके बाद वे सभी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दुकान की आड़ में अवैध शराब बेचता गिरफ्तार

बहादुरगढ़। थानीय पुलिस ने अवैध शराब सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि जाखोदा में एक व्यक्ति ने किरयाणे की दुकान कर रखी है। दुकान के पीछे मकान में वह अवैध रूप से शराब बेचता है। इस सूचना पर टीम ने मौके पर जाकर छापा मारा। इस दौरान देश शराब की 23 बोतल, 24 हाफ और 20 पव्वे बरामद हुए। आरोपी की पहचान हंसराज के रूप में हुई है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

सट्टा खाईवाली करता युवक गिरफ्तार, केस

बहादुरगढ़। स्थानीय पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि शास्त्री नगर का एक युवक कबाड़ी मार्केट में एक युवक सट्टा खाईवाली कर रहा है। इस सूचना पर टीम वहां गई और आरोपी को काबू किया। आरोपी की पहचान अनिल के रूप में हुई है। उससे 9400 रुपये और सट्टा पर्चियां बरामद हुई हैं।

सैर कर रही महिला को वाहन ने टक्कर मारी

झज्जर। क्षेत्र के गांव उखलचना कोट में खाना खाने के बाद टहलने निकली एक महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस को दी शिकायत में सुशीला ने बताया कि वह बुधवार तीन जून की रात करीब नौ बजे खाना खाने के बाद अपनी पुत्री के साथ टहलने निकली थी। उसी दौरान बादली रोड से गांव की तरफ आ रही एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद उसके परिवार वालों द्वारा उपचार के लिए गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, एक घायल

झज्जर। क्षेत्र के गांव रईया के नजदीक एक तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार कर मोटरसाइकिल सवार को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में सुबाना निवासी सुनील ने बताया कि वह दिल्ली में कलस्टर बस चलाता है। बीती 29 मई को जब वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था तो रईया गांव के नजदीक उसे एक गाड़ी ने टक्कर मार दी। इसके बाद राहगीरों द्वारा उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया। सुनील द्वारा शिकायत में चालक का नाम व पते से भी अवगत कराया गया है।

न शटर उखाड़ा, न ताला तोड़ा, परचून की दुकान से लाखों रुपये की चोरी

■ दुकान में लगे सीसीटीवी की डीवीआर भी ले गए शातिर ■ आसपास लगे कैमरे खंगाल रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के कच्चा बादली मार्ग पर स्थित एक परचून की दुकान पर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पूरे मामले में खास बात यह दिखाई दी कि ना तो दुकान का शटर उखाड़ा, और न ही गल्ले का ताला तोड़ा । फिर भी इतनी बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम कैसे दिया गया। इन सब विषयों को लेकर पुलिस की कई टीमें विभिन्न पहलूओं को देखते हुए मामले की जांच कर रही है। वहीं वारदात की सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। बाद में फिंगर एक्सपर्ट टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाएं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी ने भी मौका मुआयना करते हुए मामले की जानकारी ली। वारदात के दौरान जहां आरोपी दुकान में लगे डीवीआर को भी अपने साथ ले गए। जिसके चलते पुलिस आसपास क्षेत्र की सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। पीड़ित दुकानदार का रो रो कर बुरा हाल है, वहीं आसपास क्षेत्र के काफी संख्या में एकत्रित प्रबुद्धजनों और दुकानदारों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पीड़ित दुकानदार राहुल गर्ग ने बताया कि तीन दिन पहले उनकी दादी की मौत हो गई थी। जिसके कारण वे दुकान बंद कर चले गए थे। वीरवार को उन्होंने दुकान खोली और दिनभर कार्य चलता रहा। लेकिन सांय जब उन्होंने दुकान के गल्ले चैक किए तो नगदी गायब थी। उन्होंने बताया कि कई दिनों की बिक्री गल्ले में थी और करीब बारह से पंद्रह लाख रुपये का कैश दुकान में रखा था। ताकि व्यापारियों का भुगतान किया जा सके। वीरवार सांय जब चैक किया तो नगदी गायब थी। उन्होंने बताया कि वह गल्ले की चाबी अपने साथ लेकर जाते थे, जबकि दुकान की चाबी वर्करों के पास रहती थी और वर्कर ही दुकान आकर खोलते थे। अब ये पता नहीं कि वर्करों ने गल्ले की दूसरी चाबी बनाई या और किसी ने वारदात को अंजाम दिया। दुकान में लगे सीसीटीवी की डीवीआर भी आरोपी उखाड़ ले गए। उन्होंने बताया कि उनका करीब तीस लाख रुपये का नुकसान हुआ है

- व्यापारी बोला लाखों रुपये ले गए
- दुकान की चाबी कर्मियों के पास रहती थी

झज्जर। किरयाणा स्टोर में जांच करते पुलिस अधिकारी।

झज्जर। चोरी से व्यथित दुकानदार।

झज्जर। दुकान से सबूत जुटाते पुलिस कर्मचारी।

हंगामे के बाद तहसील का औचक निरीक्षण करने पहुंचे विधायक

बुधवार को ग्रीवेंस कमेटी मेंबर और तहसीलदार में जमकर तू-तड़ाक के बाद बुलानी पड़ी थी पुलिस

आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करवाने के लिए एसडीएम से मिले, विधायक ने लोगों की शिकायतें भी सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बुधवार को तहसील कार्यालय में हुए हंगामे के बाद वीरवार को विधायक राजेश जून वहां निरीक्षण करने पहुंच गए। विदित है कि तहसीलदार जगदीश बिश्नोई और ग्रीवेंस कमेटी सदस्य जसबीर सैनी में तीखी बहस हो गई थी। भाजपा नेता द्वारा सीएम से बहादुरगढ़ तहसील की शिकायतें की जा रही थी। लेकिन बुधवार को दोनों में गर्मागर्मी हो गई। वीरवार को विधायक राजेश जून ने जसबीर सैनी की मौजूदगी में तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया।

■ जून बोले - जानबूझकर आमजन को परेशान करने की शिकायतों का संज्ञान लेकर निरीक्षण करने आए हैं

सीएम दरबार तक शिकायतें

बीते कुछ दिनों से ग्रीवेंस कमेटी मैंबर जसबीर सैनी तहसील की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे थे। यह शिकायतें सीएम दरबार भी पहुंची थी। लेकिन बुधवार को तहसीलदार की कोर्ट में जसबीर सैनी और तहसीलदार जगदीश बिश्नोई के बीच काफी तू-तड़ाक हो गई। पुलिस भी मौके पर बुलाई गई थी। एसडीएम के संज्ञान में भी मामला लाया गया। लेकिन जैसे-तैसे मामला निपट गया था। वीरवार को लघु सचिवालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे विधायक राजेश जून ने कहा कि वे तहसील कार्यालय में कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा जानबूझकर आमजन को परेशान करने की शिकायतों को संज्ञान लेकर यहां आए हैं। इस दौरान उन्होंने तहसील में मौजूद लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका समाधान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बहादुरगढ़। वीरवार को तहसील कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक राजेश जून।

पटवारियों से बोले, प्राथमिकता के आधार पर लोगों के काम करें

विधायक ने पटवारियों से भी मुलाकात की और लोगों के सभी काम प्राथमिकता के आधार पर करने की नसीहत दी। विधायक राजेश जून ने एसडीएम नसीब कुमार से मुलाकात कर तहसील कार्यालय में इंतकाल कराने, रजिस्ट्री कराने, जमाबंदी व अन्य कार्य कराने के लिए आने वाले लोगों के समक्ष आ रही समस्याओं का स्थाई समाधान करने को कहा। विधायक राजेश जून ने कहा कि तहसील कार्यालय में आमजन को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

नाले में मिला शव, मौत के कारणों पर संशय

बहादुरगढ़। गांव कानौंदा के निकट नाले में एक व्यक्ति का शव मिला है। सिर, चेहरे पर चोट के निशान हैं और नजदीक ही क्षतिग्रस्त थ्री-व्हीलर मिला है। सड़क दुर्घटना में मौत की चर्चा है लेकिन शरीर पर लगी चोटों और हालातों को देखते हुए परिजनों को मामले में हत्या की आशंका है। मृतक की पहचान करीब 31 वर्षीय अजय के रूप में हुई है। अजय लाइनपार का रहने वाला था और एक गैस एजेंसी में सिलेंडर डिलीवरी करता था। जानकारी के अनुसार, रात करीब 12 बजे वह बाइक पर सवार होकर घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। इधर, वीरवार की सुबह कानौंदा के निकट सड़क किनारे एक ऑटो पलटा हुआ नजर आया। ऑटो से कुछ फुट आगे नाले में एक युवक का शव भी बरामद हुआ। सिर, चेहरे में चोट के निशान थे। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कुछ समय बाद मृतक की शिनाख्त अजय के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में ले जाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। अजय की मौत पर परिजनों को शंका है। वे इसे एक्सीडेंट नहीं मान रहे। अस्पताल में मौजूद कुछ परिजनों का कहना है कि अजय बाइक पर निकला था और उसकी बाइक नहीं मिली है। जबकि उसके शव के पास से ऑटो मिला है और वह उसे चलाना नहीं आता था। पुलिस मामले में गंभीरता से जांच करे और मौत के कारणों की सही वजह सामने लाए। बहरहाल, पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है। मृतक अजय दो बच्चों का पिता था।

- परिजनों को हत्या की आशंका
- अजय गैस सिलेंडर करता था सप्लाई



बहादुरगढ़। क्षतिग्रस्त थ्री व्हीलर।

पंचायत उपचुनाव के लिए पोलिंग स्टॉफ का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जिला में आगामी 15 जून को होने वाले पंचायत उपचुनाव को लेकर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिसके चलते पोलिंग स्टाफ के प्रथम चरण के रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया वीरवार को संपन्न की गई। उन्होंने बताया कि राज्य चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के जरिये रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ।

झज्जर। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान उपस्थित अधिकारी।

फ्लू कॉर्नर का निरीक्षण कर जांची तैयारियां

■ सीएमओ डॉ. जयमाला लोगों को कोविड के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला ने नागरिक अस्पताल का दौरा करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्थापित फ्लू कॉर्नर की जांच करते हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों से जानकारी ली तथा आवश्यक सुझाव दिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वस्थ रहने के लिए जागरुक किया जा सके। सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी से बचाव के लिए आमजन को स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी महामारी से बचने के लिए आवश्यक निर्देशों की पालना करें तथा अच्छे खानपान का प्रयोग करें। अगर किसी व्यक्ति को करोना जैसे लक्षण लगते हैं तो तुरंत नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं एवं चिकित्सकों से सलाह लें। इस मौके पर एमएस डॉक्टर नरेश दहिया, डॉक्टर उरेंद्र सिंह, फ्लू कॉर्नर इंचार्ज डॉक्टर विकास, जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर राजवंती, सुदेश राठी, सुमित्रा, प्रियंका, पल्लवी, कांता, एलटी सुनील व अन्य मौजूद रहे।

अतिक्रमण करने वालों पर चल रहा प्रशासन का डंडा, 10 दुकानदारों के किए चालान

नप और पुलिस टीम ने लगातार तीसरे दिन भी चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

नप व पुलिस टीम द्वारा चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत चलाए जा रहे इस अभियान में वीरवार को टीम सदस्यों द्वारा अंबेडकर चौक से बीकानेर, बीकानेर चौक से धानक धर्मशाला, पुराना बर्फखाना रोड, छिक्कारा चौक, ऑटो मार्केट से भगत सिंह चौक तक का निरीक्षण करते हुए दुकानदारों द्वारा सड़क पर किया गया अतिक्रमण हटवाया। पुलिस टीम के साथ चल रहे नप कर्मचारियों ने दुकानों की निश्चित सीमा से बाहर रखा सामान अपने साथ लाई गई ट्रैक्टर-ट्राली में डाला। इस दौरान उन्होंने दुकानों के बाहर स्टैंडी, बैनर, होर्डिंग, कैनोपी, छतरी और काउंटर आदि को उठाया। पुराना बस स्टैंड के पीछे सड़क किनारे चने, धानी आदि की स्टॉल लगाने वाले दुकानदारों को भी चेतावनी देते हुए उनका सामान नाले के साथ लगवाया। दुकानदारों से कहा गया कि नियमों की अवहेलना करने पर उनका सामान जब्त कर लिया जाएगा। इस अभियान में ट्रैफिक इंचार्ज नरेश संधू व नगर परिषद के सफाई दरोगा मुकेश सोनी, सुंदरलाल, मनोज, अमित व संजय के अलावा सफाई कर्मचारी यूनियन इकाई के प्रधान शिवम, विकास उज्जैनवाल, गौरव सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

ऐसे चला अभियान

अतिक्रमण को सहन नहीं किया जाएगा : सोनी

सफाई दरोगा मुकेश सोनी ने बताया कि वीरवार को किए दौरे के दौरान अतिक्रमण करने वाले दस दुकानदारों के चालान भी किए गए। बता दें कि नगर परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है जो आगामी 21 जून तक चलेगा। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत न केवल सफाई कर्मचारियों द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाया जा रहा है बल्कि लोगों से भी आह्वान किया जा रहा है कि वे अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें।

गर्ल्स कॉलेज में पीजी पाठ्यक्रम शुरू

बहादुरगढ़। राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में नए परास्नातक पाठ्यक्रमों की शुरुआत हुई है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2025-26 से एमए मनोविज्ञान और एमए भूगोल पाठ्यक्रमों को आरंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राचार्या अल्का गुलाटी ने इसके लिए सरकार एवं उच्चतर शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया। उनके अनुसार यह निर्णय छात्राओं के भविष्य को नई दिशा देगा और शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय की उपलब्धियों में एक नया अध्याय जोड़ेगा। कॉलेज की प्रेस प्रवक्ता डॉ. सुनीता छिल्लर ने कहा कि यह निर्णय छात्राओं को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इन दोनों विषयों में परास्नातक की पढ़ाई अब राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में ही संभव होगी। इसके लिए छात्राओं को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इच्छुक छात्राएं अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट या कार्यालय से संपर्क कर सकती हैं।

छारा में खेत से इंजन चोरी, केस

बहादुरगढ़। ग्रामीण क्षेत्र में खेतों में चोरी की वारदात नहीं थम रही। अब छारा में वारदात हो गई। यहां एक किसान के खेत से डीजल इंजन चुरा लिया गया। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। छारा के निवासी रणबीर का कहना है कि सिंचाई के लिए उन्होंने अपने खेतों में डीजल इंजन की व्यवस्था कर रखी है। बुधवार को खेत में गया तो इंजन नहीं मिला। अपने स्तर पर अब तक तलाश करता रहा लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस शिकायत पर आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



टूरिस्ट स्पॉट्स / रजनी अरोड़ा

हमारे देश में ऐसे कई गार्डन हैं, जो अपनी नायाब खूबसूरती के लिए मशहूर हैं। इन गार्डंस में जो भी जाता है, यहां की खूबसूरती देखकर मंत्रमुग्ध हो जाता है। जानो, देश के इन अमेजिंग गार्डंस के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण मशहूर हैं।

अमेजिंग-अट्रैक्टिव गार्डंस

मुगल गार्डन श्रीनगर

धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में स्थित इस गार्डन को 17वीं शताब्दी में मुगल सम्राट जहांगीर ने बनवाया था। संपूर्ण मुगल गार्डन में शालीमार गार्डन, चश्म-ए-शाही,

निशात बाग जैसे कई खूबसूरत गार्डंस हैं। मुगल गार्डन अपने आश्चर्यजनक आर्किटेक्ट, फूलों की क्यारियों और पास बहने वाली डल झील के लिए मशहूर है। मुगल गार्डन में शालीमार बाग सबसे बड़ा और लोकप्रिय गार्डन है। यह फारसी और मुगल शैली में बना एक बेहतरीन पहाड़ी गार्डन है। इसमें 4 सीढ़ीदार लॉन हैं, जिसमें सबसे ऊपरी लॉन केवल मुगल शासकों और उनकी रानियों के लिए बनाया गया था। यहां अलग-अलग डिजाइन के फव्वारे भी बनाए गए हैं, जो गार्डन की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। निशात बाग पारंपरिक शैली में बना दूसरा बड़ा मुगल गार्डन है। यह श्रीनगर से 11 किलोमीटर दूर डल झील के पूर्वी हिस्से पर बना हुआ है। इस गार्डन से तुम डल झील की खूबसूरती को भी निहार सकते हो। इस सीढ़ीदार गार्डन के एक तरफ झील और दूसरी तरफ हिमालय की चोटी दिखाई पड़ती है।

बॉटेनिकल गार्डन कोलकाता

कोलकाता के बॉटेनिकल गार्डन की स्थापना 1787 में रोबोट किड द्वारा की गई थी। यह गार्डन 109 हेक्टेयर में फैला हुआ है, जिसकी देख-रेख बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। इस गार्डन की सबसे खास बात यह है कि यहां लोगों को दुनिया का सबसे बड़ा बरगद का पेड़ देखने को मिलता है, जिसकी चौड़ाई 330 मीटर से अधिक है।

रॉक गार्डन चंडीगढ़

यह गार्डन चंडीगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। इसका निर्माण नेक चंद सैनी ने करवाया था, इसीलिए इसे 'नेक चंद सैनी गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। रॉक गार्डन किसी भूल-भुलैया जैसा है। इस गार्डन की खासियत है कि इसे पूरी तरह से शहरी और औद्योगिक कचरे के स्क्रैप, जैसे- टूटे-फूटे कांच, पुरानी चूड़ियां, टाइल्स, क्रॉकरी, मार्बल्स आदि को रिसाइकल करके बनाया गया है। यह गार्डन ईको-टूरिज्म का बेहतरीन उदाहरण है।

बृंदावन गार्डन मैसूर

यह मैसूर से 20 किमी दूर कावेरी नदी में बने कृष्णराज सागर डैम के पास बना है। यह गार्डन इतना बड़ा है कि इसमें 20 लाख से भी ज्यादा लोग एक साथ घूम सकते हैं। इस गार्डन को कश्मीर के शालीमार गार्डन की तरह मुगल स्टाइल और आधुनिक बागवानी तकनीक के तालमेल से बनाया गया है। यह अपने आइसोमीट्रिक डिजाइन, सीढ़ीदार बगीचों

और लाइट से जगमगाते म्यूजिकल फव्वारों की खूबसूरती के लिए मशहूर है, जो रात में एक जादुई माहौल बनाते हैं।

बॉटेनिकल गार्डन ऊटी

यह भारत के सबसे बड़े बॉटेनिकल गार्डन में से एक है। 1848 में बनाया गया यह बॉटेनिकल गार्डन 22 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। गार्डन की छोटी-बड़ी क्यारियों में पेड़-पौधों की 650 से अधिक किस्में मिलती हैं। यहां 20 लाख साल पुराने पेड़ का जीवाश्म संजो कर रखा गया है। इस गार्डन में 2000 से भी अधिक विदेशी प्रजाति के पेड़-पौधे हैं। गार्डन में बनी छतरीनुमा बैठने की जगह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, जो उन्हें कुछ पल वहां रुकने के लिए मजबूर कर देती हैं। हर साल मई के महीने में यहां समर

फेस्टिवल मनाया जाता है। इस गार्डन का खास आकर्षण फ्लॉवर शो है। इस गार्डन की देख-रेख तमिलनाडु सरकार का हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट करता है।

हैंगिंग गार्डन मुंबई

यह गार्डन मालाबार हिल के पश्चिमी छोर पर कमला नेहरू पार्क के बगल में स्थित एक टेरेस गार्डन है। इसका निर्माण साल 1881 में उल्हास घाटकोपर द्वारा करवाया गया था। आज यह मुंबई के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक है। इसे 'फिरोजशाह मेहता गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। इस गार्डन का प्रमुख आकर्षण 'ओल्ड

लेडी शू' है। शाम के समय इस पार्क में अरब सागर पर सूर्यास्त का नजारा देखते ही बनता है, जिसे देखने के लिए यहां पर्यटकों का तांता-सा लगा रहता है। *

एस्टिवेशन के जरिए अपने आपको भीषण गर्मी से बचाते हैं कुछ जंतु

बच्चो, कई जंतु गर्मी के मौसम में अपने आपको बहुत शिथिल ओर निष्क्रिय कर लेते हैं। ऐसा करके वे प्रतिकूल मौसम में अपने आपको बचाते हैं। इस प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं। जानो, क्या है एस्टिवेशन और इससे इन जंतुओं को क्या लाभ मिलता है?

जानकारी

शिखर चंद जैन

बच्चो, गर्मी के मौसम में अगर तुम कभी जू गए हो, तो तुमने घड़ियाल को दलदल-कीचड़ में, जलाशय के पास मुंह फाड़े आलस्य की अवस्था में पड़े देखा होगा। काफी देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं होती। घड़ियाल को इस अवस्था में देखकर यह संदेह होता है कि कहीं वह मर तो नहीं गया? या फिर यह पत्थर की बनी घड़ियाल की आकृति तो नहीं है? दरअसल, गर्मी के मौसम में घड़ियाल एस्टिवेशन की प्रक्रिया से गुजर रहा होता है।

क्या है एस्टिवेशनः गर्मी के महीनों में बहुत-से जंतु अपनी शारीरिक गतिविधि धीमी या बंद कर

देते हैं। इस दौरान वे बिल्कुल शिथिल होकर किसी छायादार, जलमग्न या ठंडी जगह पर पड़े रहते हैं या सोए रहते हैं। ऐसा वे खुद को रिलैक्स करने और ऊर्जा बचाने के लिए करते हैं। इस पूरी

प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं।

क्यों करते हैं एस्टिवेशनः कुछ जंतु एस्टिवेशन इसलिए करते हैं ताकि भयंकर गर्मी में खुद को सुरक्षित रख सकें। एस्टिवेशन की प्रक्रिया के दौरान जंतु के शरीर में कई तरह के परिवर्तन भी होते हैं। ज्यादातर जंतुओं में मेटाबॉलिक दर कम हो जाती है। हार्ट बीट और ब्रीदिंग भी काफी धीमी हो जाती है। एस्टिवेशन गर्मी के मौसम में जानवरों को डिहाइड्रेशन से भी बचाता है।

कौन से जंतु करते हैं एस्टिवेशनः एस्टिवेशन वर्टिब्रेट्स (कशेरुकी यानी रीढ़ की हड्डी वाले) और इनवर्टिब्रेट्स (अकशेरुकी यानी बिना रीढ़ की हड्डी वाले) दोनों प्रकार के जंतु करते हैं। ये जलीय, स्थलीय या उभयचर हो सकते हैं। घड़ियाल, कछुआ, मेंढक, सांप की कई प्रजातियां, लंग फिश, लेडी बीटल, मच्छर, हनी एंट, पतंगे, केंचुए, घोंघे, केकड़े जैसे कई जंतु गर्मी के मौसम में एस्टिवेशन करते हैं। *

हमिंग बर्ड, इवार्फ लेमुर भी करते हैं एस्टिवेशन

पक्षियों में हमिंग बर्ड भी एस्टिवेशन करता है। दरअसल, हमिंग बर्ड में मेटाबॉलिज्म (चयापचय) बहुत तेजी से होता है, जिसके लिए उसे अत्यधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम में जब हमिंग बर्ड को कम भोजन मिलता है, तो वह कुछ समय के लिए एस्टिवेशन में चला जाता है ताकि वह अपनी ऊर्जा बचा सके। इसी तरह इवार्फ लेमूर भी गर्म और शुष्क मौसम में खुद को जीवित रखने के लिए एस्टिवेशन का सहारा लेता है। इवार्फ लेमूर तो कई बार सात महीने तक एस्टिवेशन में रहता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

गुदगुदाती-सिखाती कहानियां

बच्चो, हाल में ही दस मजेदार कहानियों की किताब 'बादल रोने लगा' छपकर आई है। इस किताब के लेखक प्रसिद्ध बाल-साहित्यकार संजीव जायसवाल 'संजय' हैं। किताब की लगभग सारी कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़ने में तुमको मजा तो आएगा ही, बुरी आदतों से दूर रहने की सीख भी मिलेगी। पहली कहानी 'पिंटू आइस पार्लर' में चालाक जंबो हाथी को जंगल के मंत्री भालू दादा कैसे सबक सिखाते हैं, यह पढ़ सकते हो। 'बादल रोने लगा' एक भोले-भाले बादल के टुकड़े की प्यारी सी कहानी है। खेती करने के लिए हल और बैल में से किसान के लिए क्या अधिक महत्वपूर्ण होता है, इसका जवाब तुम 'हल और बैल' कहानी में जान सकते हो। कुछ इसी तरह सिलाई करने वाली सूई के घमंड का क्या परिणाम होता है, इसे 'नाली में सूई' कहानी में पढ़ सकते हो। खुद को दूसरे से श्रेष्ठ मानने वाली सब्जियों के आपसी विवाद की मजेदार कहानी 'सब्जियों का राजा कौन' है। चुन्नी नाम की गिलहरी को अपनी नासमझी का क्या परिणाम भुगतना पड़ता है, इसे गुदगुदाने वाली कहानी 'कटहल ने दौड़ाया' में पढ़ सकते हो। इसी तरह 'जलेबी और समोसा' कहानी पढ़कर भी तुमको मजा आएगा। इसमें एक ऐसे लापरवाह मिठाई वाले का किस्सा है, जो साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखता है। उसकी दुकान में रखे समोसे और जलेबी की बातचीत बहुत रोचक है। इनके अलावा 'शरारतों के उस्ताद', 'टीटू तुम फिर आना' और 'बात समझ में आ गई' कहानियां पढ़ने में भी तुमको खूब मजा आएगा। *

किताबः बादल रोने लगा, **लेखकः** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्यः** 260 रुपए, **प्रकाशकः** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

कहानी

मोहम्मद अरशद खान

कल ही हमने पर्यावरण दिवस मनाया है। पेड़-पौधे हमारे जीवन में ही नहीं, हर जीव जंतु के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, यह कहानी यही बता रही है। अप्पू ने अपने घर के लॉन में लगे एक घने, विशाल पेड़ को जिद करके कटवाना चाहा तो हाहाकार-सा मच गया। क्या अप्पू को पेड़ काटने का इरादा छोड़ना पड़ा?

अप्पू और पेड़

अप्पू के लॉन में एक पेड़ था। पेड़ पर कौए दिन भर शोर मचाते रहते थे। बंदर भी खूब उछल-कूद करते। हवा चलती तो कमरे में ढेर सारी सूखी पत्तियां भर जातीं। अप्पू को इन चीजों से बड़ी उलझन होती। एक दिन अप्पू ने परेशान होकर पापा से कहा कि पेड़ कटवा दें। पापा ने उसे बहुत समझाया लेकिन वह नहीं माना। आखिरकार उसकी जिद पर पापा पेड़ कटवाने पर राजी हो गए।

अगले दिन अप्पू हमेशा की तरह अपने कमरे में बैठा पढ़ रहा था। अचानक खिड़की पर 'चीं-चीं' की आवाज सुनाई दी। उसने देखा एक चिड़िया अपने दो बच्चों के साथ बैठी उसकी ओर देख रही थी। उसका चेहरा उदासी से लटका हुआ था।

'तुम्हें क्या हुआ नन्ही चिड़िया?' अप्पू ने पूछा।

चिड़िया ने बताया, 'अप्पू, मैं तुम्हें अलविदा कहने आई हूं।' अप्पू चिड़िया की बात सुनकर हैरान रह गया।

'सुना है यह पेड़ कटने जा रहा है। अब नए घर की तलाश में मुझे कहीं और जाना होगा। मेरे बच्चे अभी छोटे हैं। वे लंबी उड़ान नहीं भर सकते। रास्ते में चील-कौओं का भी खतरा रहेगा। इसलिए मैं बहुत परेशान हूं।' चिड़िया यह कह कर दुःख से चेहरा लटकाए चली गई।

अप्पू चिड़िया को पुकारना ही चाहता था कि तभी एक गिलहरी खिड़की पर चढ़ आई। उसका चेहरा भी उतरा हुआ था। वह दुखी स्वर में बोली, 'यह पेड़ मुझे बहुत प्यारा था। मैं इसकी गोद में खेल-कूदकर बड़ी हुई हूं। इसे छोड़ते हुए बहुत दुख हो रहा है, लेकिन जब यह पेड़ ही नहीं रहेगा तो मैं यहां रह कर क्या करूंगी?' गिलहरी उदासी से मुंह लटकाए चली गई। अप्पू उसकी हिलती हुई पूंछ तब तक देखता रहा, जब तक वह लॉन की दीवार से नीचे नहीं उतर गई।

तभी अप्पू की नजर लाइन बना कर जाती हुई चींटियों पर पड़ी। वे हड़बड़ी में थीं, अपने अंडे उठा कर भागी जा रही थीं। 'तुम सब कहां भागी जा रही हो?' अप्पू ने चींटियों से पूछा। 'इस पेड़ की जड़ों में हमारी बांबी थी, लेकिन अब यह पेड़ कटने वाला है, इसलिए हम लोग यह जगह छोड़कर जा रही हैं।' कहते हुए चींटियों का झुंड आगे बढ़ गया।

तभी खिड़की के पल्लों को खटखटाती हुई ठंडी हवा अंदर आई। अप्पू को बहुत अच्छा लगा। उसने कहा, 'धन्यवाद हवा, तुम्हारी वजह से हमें कितनी राहत मिलती है।'

हवा बोली, 'लेकिन अप्पू, मैं यह कहने आई हूं कि आज के बाद से मैं इधर नहीं आया करूंगी। पेड़ से मेरी दोस्ती थी। उसकी वजह से मैं इधर खिंची चली आती थी, लेकिन अब मेरा आना इधर नहीं हो पाएगा। अब यहां मेरी छोटी बहन गर्म हवा आया करेगी।' हवा की बात सुनकर अप्पू एकदम घबरा गया।

हवा के जाते ही बादल का एक टुकड़ा खिड़की पर आकर टिक गया और बोला, 'मैं भी तुम्हें अलविदा कहने आया हूं, अप्पू। पेड़ जब गर्मी से परेशान हो जाता था तो वह हवाओं से संदेश भिजवाता था। मैं आकर गर्मी से तप रही धूल सनी पत्तियों को अपनी फुहारों से धो देता था। फिर हम दोनों मिल कर खूब बातें करते थे। अब उसके बिना यहां आकर मैं क्या करूंगा?' इतना कह कर बादल आसमान में ऊपर उठ गया और धीरे-धीरे गायब हो गया।

अप्पू ने देखा फूल, रंग, खुशबू सब धीरे-धीरे गायब हो रहे हैं। वह यह सब देखकर डर गया। वह चीख पड़ा, 'नहीं-नहीं यह पेड़ नहीं कटेगा ..पेड़ नहीं कटेगा... मम्मी...! पापा...!'

'क्या हुआ अप्पू? नींद में क्या बड़बड़ा रहे हो?' मम्मी अप्पू को जगाती हुई बोलीं। दरअसल, अप्पू पढ़ते-पढ़ते मेज पर ही सिर रख कर सो गया था।

'अच्छा, तो यह केवल एक सपना था!' अप्पू ने चैन की सांस ली और माथे का पसीना पोंछने लगा। उसने खिड़की से बाहर झांक कर देखा। पेड़ की पत्तियां धूप में चमक रही थीं। वह पेड़ हवाओं के साथ सुर में सुर मिला कर गा रहा था। अप्पू भाग कर बाहर आया और उसने पेड़ को अपनी बांहों में भर लिया। अप्पू ने मन ही मन तय कर लिया था कि वह पापा से कह देगा कि अब इस पेड़ को नहीं कटवाएं। *

कविता

राकेश चक्र

कुल्फी लगे बड़ी कमाल

उमस, गर्मी से बेहाल।
ताजा नीर करे निहाल।।
घूंट-घूंट से बुझे प्यास है।
घड़ा, सुराही नीर स्वाद है।
कुल्फी लगे बड़ी कमाल।।
चिप-चिप-चिप-चिप बहे पसीना।
जून-जुलाई तपे महीना।
कहीं भरे सरोवर ताल।।
कहीं बाढ़ से मची तबाही।
ग्लोबल वार्मिंग दौड़ी आई।
एसी, वाहन मायाजाल।।
हमें प्रदूषण कम करना है।
पौध रोप खुशियां भरना है।
तब तपन का आए काल।।

जीके क्विज-156

1. मिस वर्ल्ड-2025 का खिताब किसने जीता?
2. किस टीम ने आइपीएल-2025 की ट्रॉफी जीती?
3. भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम का नया कप्तान किसे चुना गया है?
4. भारत की पहली महिला मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थीं?
5. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
6. स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7. भारत का सबसे छोटा राज्य कौन-सा है?
8. किस देश को पछाड़कर भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी वाला देश बन गया है?
9. न्यूजीलैंड की राजधानी कहां है?
10. ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी गैस जिम्मेदार है?

बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-155 का उत्तर : 1.अनीता आनंद, 2.बानू मुश्ताक, 3.यूएसएस नाटलिस, 4.संजय मल्होत्रा, 5.कर्नाटक, 6.इटली, 7.पृथ्वीराज चौहान, 8.लैक्टोवेसिलस, 9.मैंगीफेरा इंडिका, 10. 5 जून

जीके क्विज-155 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, कोमल-रायपुर, जयंत-बिलासपुर, हर्षित- दुर्ग, दिव्या-बलौदा बाजार, संकेत-महासमुंद, कुंदन-भोपाल, आकाश-रायगढ़, शिवम-मटियारी, चिराग-रोहतक, सचिन-महेंद्रगढ़

अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में टीना अपने लवली डॉगी के साथ खड़ी है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।



उत्तर: 1.टीना की पूंछ टेढ़ी है। 2.टीना की टोपी आगे बंद है। 3.डॉगी की जीभ बाहर लटकती हुई है। 4.टीना के दो बालियां बनाई हुई है। 5.टीना का जूता बंद है। 6.टीना की टी-शर्ट पर अंग्रेजी में 'गर्ल्स' लिखा हुआ है।

चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां पेड़ से फल तोड़ती हुई एक लड़की का चित्र दिया गया है। इस चित्र का एक हिस्सा कटा हुआ है। चित्र के बगल में दिए गए तीन ऑप्शंस में से तुम सही कटआउट को खाली जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।

उत्तर : A

खबर संक्षेप

सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

बहादुरगढ़। ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने सेक्टर-9 व 9ए में बनाई गई तारकोल की सड़कों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उनके अनुसार कुछ दिन बाद ही इन सड़कों पर रोड़ी निकलने लगी हैं। उन्होंने फोटो खिंचवाने वाले नेताओं तथा अधिकारियों की कार्यशैली की भी आलोचना की। नगर परिषद को भी कटघरे में खड़ा किया। उनके अनुसार पिछले एक साल में हुए सभी कामों की गुणवत्ता की जांच करवाई जाएगी। भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

अखंड ज्योति मंदिर में श्रीश्याम जागरण कल

झज्जर। श्री अखंड ज्योति मंदिर एवं धर्मशाला द्वारा सात जून को 16वें श्रीश्याम बाबा जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी के प्रधान पंडित सुभाष दीवान ने बताया कि शनिवार को जहां शाम सात बजे से रात ग्यारह बजे तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा वहीं आठ बजे से प्रभु इच्छा तक जागरण किया जाएगा। ।

दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग का समापन

बहादुरगढ़। दुर्गा वाहिनी के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का वीरवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सह संयोजिका पिंकी, प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम, प्रांत उपाध्यक्ष राधेश्याम चिलाना आदि मौजूद रहे।

एसडीएम नसीब कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

मंडी की समस्याओं को लेकर सब्जी विक्रेताओं ने सीएम से लगाई गुहार

■ बरसात होने पर मंडी परिसर में जलभराव हो जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। एसडीएम नसीब कुमार को ज्ञापन सौंपते विक्रेता। फोटो :हरिभूमि

झज्जर रोड स्थित सब्जी मंडी के विक्रेता विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। वीरवार को न्यू सब्जी मंडी फुटकर विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से एसडीएम नसीब कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग उठाई गई।

ज्ञापन में कहा गया है कि हम 210 पंजीकृत विक्रेता 2008 से निर्धारित आवंटन स्थल पर मासिक किराया देकर काम कर रहे हैं। हमारे कुछ साथी कोरोना काल में चल बसे तो कुछ आक्समिक मौत के शिकार हो गए हैं। हमने कभी सरकार से मेडिकल सहायता, मुआवजा नहीं मांगा। मार्केट कमेटी पॉलिसी के अनुसार जिसके नाम स्थल है, वही किराया भर कर सब्जी बेचने का कार्य कर सकते हैं। उनके बालिग बच्चे या अन्य इस स्थल पर सब्जी नहीं बेच सकता। हमारी मांग है कि पॉलिसी में थोड़ा बदलाव कराकर स्थल ट्रांसफर का कानून बनाया जाए ताकि मृतक विक्रेताओं का परिवार काम करके अपना गुजारा कर सके। हम सभी निर्धन परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। हमारे पास कमाने का कोई दूसरा जरिया नहीं है। इसके अलावा यहां निकासी की समस्या गंभीर है। बरसात होने पर मंडी परिसर में जलभराव हो जाता है। जिस कारण काम ठप हो जाता है। इस नुकसान को रोकने के लिए किसान और फुटकर विक्रेता शेड की स्तह ऊंची की जाए। मंडी में यूं तो पानी निकालने के लिए मोटर की व्यवस्था की गई है लेकिन बिजली न होने पर वे किसी काम नहीं आ पाती। निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए। सीवर कनेक्शन किए जाए ताकि पानी निकलता रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को बताई समस्याएं

बहादुरगढ़। भाजपा के अटल मंडल प्रवक्ता विशाल शास्त्री ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से मुलाकात की। बड़ौली को बहादुरगढ़ की मौजूदा समस्याओं से अवगत करवाया। उत्तरी बाइपास के निर्माण को जल्द पूरा करवाने की मांग रखी। वार्ड नंबर-8 की गली नंबर-7 में सीवर लाइन और पेयजल लाइन डलवाने की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शहर की समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

छोटूराम नगर में ब्लॉक है सीवर लाइन

बहादुरगढ़। शहर के छोटूराम नगर में सीवरलाइन ब्लॉक होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी फूलचंद्र मिश्रा ने बताया कि गलियों में फैली गंदगी के कारण लोगों का आना-जाना बड़ा मुश्किल हो गया है। इसकी ऑनलाइन शिकायत करने के बावजूद समाधान नहीं हो रहा है। एक तरफ तो सरकार स्वच्छ भारत अभियान चला कर लोगों को जागरूक कर रही है और दूसरी तरफ लोग गंदगी में नरकीय जीवन जीने के लिए विवश हैं। कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। सीवर से निकले गंदे पानी से मच्छर फैल रहे हैं और बीमारी फैलने का खतरा है।

जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए और कॉलोनी वासियों को राहत दी जाए।

जेईई एडवांस के सफल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

झज्जर। आरपीएस स्कूल कोसली में आईआईटी प्रवेश परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्या अंजू यादव ने बताया कि उनके स्कूल के दस विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस परीक्षा में सफलता प्राप्त की। सफल विद्यार्थियों में ललित यादव, श्रुति, अनीश, पियूष, प्रियाली, आकृति, भूमिका, रिया, तुषार व विनय शामिल हैं। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन पवित्रा राव, सीईओ मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव और आरपीएस स्कूल कोसली के अध्यक्ष श्रीभगवान यादव, सुमन यादव, निदेशक हंसराज यादव ने होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शिव मंदिर में खड़ेश्वरी तपस्या में लीन है सुनील दत्त शास्त्री

झज्जर। भगवान को प्रसन्न करने व सर्वमंगल की कामना के साथ बेरी गेट स्थित शिव मंदिर में वेदाचार्य सुनील दत्त शास्त्री खड़ी तपस्या कर रहे हैं। अपनी इस तपस्या के दौरान वे मौन धारण किए हुए रात-दिन एक झूले के सहारे खड़े रहते हैं। उनकी यह मौन व्रत की तपस्या 41 दिन में पूरी होगी। श्रद्धालु गुलजारी व शेर सिंह सैनी ने बताया कि मंदिर परिसर में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर 10 जून को रात्रि सत्संग एवं 11 जून को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खड़ेश्वरी तप एक अत्यंत कठोर साधना है, जिसमें साधक लगातार खड़े रहते हुए अपनी दिनचर्या पूरी करता है। इस तपस्या में न केवल भोजन और ध्यान शामिल है, बल्कि दैनिक कार्य, यात्रा और अन्य सभी गतिविधियां भी खड़े रहकर ही की जाती हैं।

पर्यावरण संरक्षण का मुहिम

परनाला में सरपंच के जन्मदिन पर लगाए पौधे

बहादुरगढ़। गांव परनाला में वीरवार को सरपंच मुकेश राठी के जन्मदिन एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया गया। दादा भैया जोहड़ पर बरगद, पीपल, नीम, जामुन, सागवान व अर्जुन आदि के 30 पौधे लगाए। सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने कहा कि प्रकृति के अंधाधुंध दोहन से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। हमें जल, वायु और ऊर्जा जैसे प्राकृतिक संसाधनों का सीमित और जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कि हर व्यक्ति को विशेष मौके पर पौधे अवश्य लगाने चाहिए तथा उनकी देखभाल स्वयं करनी चाहिए। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़-पौधों का संरक्षण बहुत आवश्यक है। इस मौके पर श्यामसुंदर, ओमप्रकाश, तेजपाल, प्रीतम, नूनू, बिट्टू, सोनू, अजय, अमित, पारूल, कुलबीर, राहुल, प्रीतम व परविंद्र आदि मौजूद रहे।

फुटवियर पार्क में लगाए पौधे

बहादुरगढ़। फुटवियर पार्क में पौधे लगाते अधिकारी व उद्यमी। फोटो :हरिभूमि

बहादुरगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस पर वीरवार को फुटवियर पार्क एसोसिएशन तथा बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा फुटवियर कलस्टर में प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पर्यावरण अभियंता शैलेंद्र अरोड़ा और एचएसआईआईडीसी के एसटीपी रविश जनि ने उद्योगपतियों के साथ मिलकर 50 से अधिक पौधे लगाए। बीसीसीआई प्रधान सुभाष जग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र छिकारा, पवन जैन व नवीन मल्होत्रा आदि ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया।

पुलिस आयुक्त ने पौधरोपण किया

झज्जर। विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस लाइन परिसर में पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय जसलीन कौर, पुलिस उपायुक्त लोगेश कुमार, पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा और एसीपी अनिरुद्ध चौहान ने पौधारोपण करके पर्यावरण बचाओ का दिया संदेश।

पौधरोपण व पक्षी संरक्षण के साथ बढ़ाया पर्यावरण प्रेम का संदेश

झज्जर। शहीदी पार्क में पक्षियों की दाना-पानी की व्यवस्था के लिए बनाए गए बर्ड फीडर के साथ समूह सदस्य। फोटो :हरिभूमि

झज्जर। विश्व पर्यावरण दिवस पर सर्वभद्र समूह के स्वयंसेवकों ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए शहीदी पार्क में 15 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए। इसके साथ ही पार्क के विभिन्न स्थानों पर विशेष रूप से डिजाइन किए गए कलरफुल बर्ड फीडर भी लगाए गए, जिनमें पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था की गई। समूह के अध्यक्ष अजित कुमार ने आमजन को दिए अपने संदेश में कहा कि हम सभी मिलकर पर्यावरण सरंक्षण का प्रयास करना होगा। इस अभियान में मुकुल खटीक, अनिल कुमार, मोहित, सुमित, प्रवीण करीब बीस स्वयंसेवक कार्यरत हैं।

पोस्टर बनाकर दिया पर्यावरण सरंक्षण का संदेश



झज्जर। पर्यावरण सरंक्षण विषय पर निदेशक बिजेन्द्र कादियान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि हम आज भी नहीं जागे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, जल और हरियाली नहीं मिल पाएगी।

झज्जर। इंडो अमेरिकन स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने रंग-बिरंगे और रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से यह दर्शाने का प्रयास किया कि यदि हम सभी पर्यावरण के प्रति सजग न हुए, तो इसका दुष्परिणाम सम्पूर्ण मानव जीवन को प्रभावित कर सकता है। कार्यक्रम में स्कूलविद्यार्थियों द्वारा बनाया गया पोस्टर।

तीसरे दिन भी जारी रही कर्मचारियों की हड़ताल

■ नगर परिषद के गेट पर जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। नगर परिषद के गेट पर धरनारत कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

पिछले काफी समय से ठेकेदार के अधीन कार्यरत सफाई कर्मचारी समय पर वेतन की मांग उठा रहे हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। अब भी उनके तीन महीने का वेतन बकाया है। इस वजह से परेशान इन सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर रखी है। तीसरे दिन वीरवार को भी इन्होंने नगर परिषद के गेट पर जमकर नारेबाजी की। वहीं, हड़ताल के चलते फैली गंदगी की समस्या से आमजन भी परेशान है। वीरवार को शहर के कई चौक, चौराहों पर गंदगी के ढेर लगे थे। बाजार व गलियां भी गंदगी से सड़ रही हैं। इस वजह से दुकानदारों, आम नागरिकों को परेशानी हो रही है। गंदगी भरे हालात शहर की सुंदरता बिगाड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि आखिर ऐसी क्या वजह है जो, इन कर्मचारियों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। इनकी समस्या का स्थाई समाधान कराना चाहिए ताकि ये काम पर लौट सकें। वहीं, धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि काफी समय से वे समय पर वेतन मिलने की मांग उठा रहे हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा। हम विरोध जताते हैं तो आश्वासन देकर बैठा दिया जाता है। लगभग हर महीने यही स्थिति हो गई है। बिना वेतन के आर्थिक स्थिति बदतर होती जा रही है। घर का राशन खरीदने और बच्चों की जरूरतें पूरी करने में दिक्कतें हो रही हैं। जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों को मिलकर हमारी समस्या का समाधान करना चाहिए।

विद्यार्थियों ने फ्रेंच भाषा में सीखे फलों व सब्जियों के नाम

झज्जर। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला में चल रहे ग्रीष्मकालीन कैंप के चौथे दिन विद्यार्थियों को फ्रेंच भाषा सिखाई गई। विद्यालय प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि इंग्लिश टीचर ममता ने डिजिटल बोर्ड तथा हाथ से बनाए हुए चार्ट के माध्यम से विद्यार्थियों को फ्रेंच भाषा के अल्फाबेट याद कराए व अल्फाबेट्स को जोड़कर के शब्द बनाना भी सिखाया। वाणिज्य प्रवक्ता योगिता तथा संस्कृत प्रवक्ता मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को रंगों, फलों, सब्जियों के नाम, रसोई में बनाए जाने वाले खाद्य पदार्थों व उनमें काम आने वाले मसालों के नाम भी फ्रेंच भाषा में याद करवाये। उन्होंने एक बड़ी मेज पर विभिन्न फल एवं सब्जियां रखकर भी विद्यार्थियों से उनके नाम की जानकारी ली। इसके अलावा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।

युवाओं को नशे के प्रति जागरूक किया

बहादुरगढ़। युवाओं को संबोधित करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो :हरिभूमि

बहादुरगढ़। पुलिस की ओर से गांव डाबोदा कलां में स्थित शहीद भगत सिंह स्टेडियम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव बताए गए। अपनी उर्जा खेलों सहित अन्य सकारात्मक कार्यों में लगाने को प्रेरित किया गया। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने कहा कि नशा हमारे समाज में बेहद गंभीर समस्या है। नशे से एक शख्स का पूरा परिवार बिखर जाता है। शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक हानि होती है। साथ ही अपराध व दुर्घटनाएं भी बढ़ती हैं। इसलिए इससे दूर रहना चाहिए। इसके अलावा खिलाड़ियों को भी इस दिशा में जागरूक होने की जरूरत है। बहुत से युवा जल्दी रिजल्ट की चाह में स्टेरॉयड की ओर रुख करते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। हम अपने शरीर से जितनी मेहनत करेंगे, उतना ही निखार आएगा। खेलते समय खेल भावना का ख्याल रखें। मन लगाकर खेलें, आगे बढ़ें और अपने माता पिता का नाम रोशन करें। इस दौरान नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया गया। प्रदीप, ब्रिगेडियर सतेंद्र सिंह, कोच प्रदीप सहित अन्य लोग इस अवसर पर मौजूद रहे।

शिविर में एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

बेरी। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो :हरिभूमि

बेरी। वीरवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने शिविर में विभिन्न प्रकार की शिकायत लेकर आए नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अविलंब समाधान के निर्देश दिए। शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। समाधान शिविर में गांव सिवाना के ग्रामीणों ने एसडीएम के समक्ष गांव की एक गली में गंदे पानी की निकासी और पंचायती जमीन से अतिक्रमण हटाने संबंधी शिकायत रखी, जिस पर उन्होंने समाधान शिविर उपरांत अधिकारियों के साथ गांव सिवाना पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधि और संबंधित अधिकारियों को गंदे पानी की निकासी के स्थाई समाधान के निर्देश दिए।

एसडीएम ने सब लिंक ड्रेन व नालों की सफाई से जुड़े कार्यों का किया निरीक्षण

बेरी। गांव पहाड़ीपुर में सब लिंक ड्रेन का निरीक्षण करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर बाढ़ नियंत्रण उपायों को लेकर एसडीएम रेणुका नांदल ने गांव पहाड़ीपुर में जल निकासी कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने जेएलएन नहर के साथ लगती सब लिंक ड्रेन व नालों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बरसात सीजन के दौरान कही भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो इसके लिए संबंधित अधिकारी पूरी तैयारी करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ नियंत्रण व बरसाती पानी निकासी से जुड़ी सभी आवश्यक परियोजनाएं, जल निकासी व्यवस्था और नालों की सफाई का कार्य मानसून से पहले हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए।

पोस्टर मेकिंग में प्रथम रही हिमांशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। पौधे लगाती प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा व अन्य।

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें हिमांशी सिंह ने प्रथम स्थान, दीपा कुमारी व प्रेरणा ने द्वितीय स्थान, ज्योति कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ज्योति व जया कुमारी को सांत्वना पुरस्कार मिला। कॉलेज स्वयंसेविकाओं ने आईसीए एजुकेशन स्किल, संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति, निरंकारी सत्संग भवन सांखोल के साथ मिलकर गोरैया साइट पर पौधरोपण किया और आमजन को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कॉलेज प्रांगण में पौधरोपण किया और पौधों का महत्व समझाया। हरियाणा स्टेट बायोडायवर्सिटी बोर्ड द्वारा रैली का आयोजन किया गया। वन राजिक अधिकारी श्रीभगवान ढाका व हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के जिला समन्वयक आशीष कादयान ने डॉ. आशा शर्मा के साथ हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

ऑनलाइन हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

झज्जर। मंगलवार को संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वीडियो के माध्यम से अपनी काव्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ प्रकृति, पेड़, फूल, मां, शिक्षक, स्कूल का वातावरण, अनेकता में एकता आदि जैसे विविध विषयों को अपने पाठ के लिए चुना। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाना और उनके सार्वजनिक बोलने के कौशल में सुधार करना रहा। विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, आवाज के उतार-चढ़ाव, याद रखने और प्रस्तुति जैसे मापदंडों पर आंका गया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप कक्षा आठवीं की चेस्ठा ने पहला, भव्या ने दूसरा , कक्षा छठी से हर्षित व दिव्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कविताओं से बच्चों के मन में साहित्य और कला के प्रति रुझान बढ़ता है।

डीईओ ने किया शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण

बहादुरगढ़। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने वीरवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निपुण मिशन के तहत आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे स्वयं अच्छे शिक्षार्थी बनकर इस प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाएं और निपुण मिशन की सभी पहलों को कक्षा में प्रभावी ढंग से लागू करें। डीईओ ने कहा कि हमारा प्राथमिक लक्ष्य छात्रों को पढ़ने, लिखने और गणितीय कौशल में निपुण बनाना है। शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से ही हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। निपुण मिशन के जिला समन्वयक डॉ. सुदर्शन पूनिया ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों से अवगत कराने और छात्र केंद्रित शिक्षण प्रक्रिया को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। हम सभी को मिलकर निपुण हरियाणा के सपने को साकार करना है। डीईओ ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्कूल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बीईओ शेर सिंह ने सभी शिक्षकों से प्रशिक्षण में सीखे गए नवीन तरीकों को अपनी कक्षाओं में अपनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ऋषि सहरावत, मंजू शर्मा, अंजू शर्मा, डॉ. जितेंद्र देशवाल, अर्चना शर्मा और सतदेव राठी आदि उपस्थित रहे।

समर कैंप में विद्यार्थियों को सिखाई पंजाबी खाना बनाने की कला

झज्जर। एच डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन कैंप के चौथे दिन विद्यार्थियों ने मसाले रहित पंजाबी खाना और सब्जियां बनाना सीखा, जिसमें मक्की व बेसन की रोटी, दही-छाछ, चूरमा, आलू के पराठे, आम, केला, पपीते की सलाद और हरी सब्जी के साथ-साथ तीन-चार प्रकार की दालें बनाई गई। प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में मिडल हेड अनिता यादव व प्राइमरी हेड नीलम कुमारी के निर्देशन में पंजाबी प्राध्यापिका अमन दीप व अंशु ने विद्यार्थियों को पंजाबी स्थानीय खाने की कला को सिखाया। इस अवसर पर एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने विद्यार्थियों को सादा व पौष्टिक भोजन के बारे में विस्तार से बताया कि भोजन का हमारे शरीर से सीधा संबंध है।

सूचना

मैं, सजनी पत्नी श्री स्व. धर्मबीर निवासी मकान नंबर-1056ए, कबीर बस्ती, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करती हूं कि मेरी पुत्रवधु आरती एलियास पिंकी पत्नी स्व. अशोक मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सूचना

मैं, सुशीला पत्नी श्री धर्मवीर निवासी मकान नं. 2660, आर्य नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अमित मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

विश्व पर्यावरण दिवस: जिलेभर में संगठनों, स्कूलों और मंदिरों में लगाए गए पौधे

एक सौ छायादार पौधे रोपित कर दिया पर्यावरण सरंक्षण का संदेश

पौधों से तापमान रहता है संतुलित, हम सबको कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए : कर्नल रोमेल राज्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विश्व पर्यावरण दिवस पर मॉडल इकोनामिक टाउनशिप व रिलायंस फाउंडेशन द्वारा प्रोजेक्ट क्षेत्र के गांव सौंधी की श्मशान भूमि में एक सौ छायादार पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला एडीआर सेंटर से अतिथि के रूप में कर्मजीत छिल्लर ने शिरकत की। उन्होंने पौधरोपण करते हुए कहा कि हमें पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। यह पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रिलायंस मॉडल इकोनामिक टाउनशिप कंपनी से सुरक्षा एवं सीएसआर प्रमुख कर्नल रोमेल राज्याण ने कहा कि तापमान को संतुलित रखने के लिए पेड़ों का होना अति आवश्यक है। हम सभी को दो पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। कार्यक्रम में गांव के लोगों ने भी बढ़ चढ़कर सहयोग किया। इस दौरान ब्लॉक समिति मेंबर संदीप, ताराचंद, कृष्ण, कमल सिंह, अजय, दिनेश, मेहताब, राजवीर, हेमंत, यशपाल, मनीषा, दीपा, तनीषा, रिया के अलावा रिलायंस कंपनी की तरफ से मनोज, लोकेश कापसे, नीलम सिंह, चंचल, अक्षय, राजकुमार, संजय गुलाटी, अविनाश जयसवाल, अंकित तोमर, विपिन पांडेय सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

झज्जर। सौंधी गांव की श्मशान भूमि में पौधरोपण करते हुए रिलायंसकर्मी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। देवालय मंदिर में पौधारोपण करते हुए शिक्षक।

मंदिर में लगाए केले के पवित्र पौधे

- विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों को भी पौधरोपण के लिए जागरुक करें

झज्जर। एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी शिक्षकों ने अपने घर व आंगन में पौधरोपण करके पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि पर्यावरण दिवस पर अध्यापकों ने पर्यावरण को लेकर विद्यार्थियों से ऑनलाइन गतिविधियां कराई। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि स्कूल मेंजमेंट सदस्यों ने शहर के ऐतिहासिक मंदिर देवालय में जहां केले का पवित्र पेड़ लगाया वहीं शिक्षकों व कर्मचारियों को भी फल एवं छायादार पौधे भेंट किए। इस मौके पर एचऑडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे। इस दौरान स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपने विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों को भी पौधारोपण के लिए जागरुक करें।

ब्रह्माकुमारियों ने भी किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अग्रवाल कॉलोनी, सेक्टर-13, नई बस्ती समेत सभी सेवाकेंद्रों पर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधे लगाए गए। पर्यावरण संरक्षण, योग कक्षाएं, नैतिक शिक्षा और बच्चों के समर कैंप के समापन हुए। अग्रवाल कॉलोनी के पार्क में चेयरपर्सन सरोज राठी, मिशन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. अजय जैन, रमेश राठी और रविंद्र गुप्ता आदि की अगुवाई में पौधारोपण किया गया। बीके अंजलि दीदी ने पेड़ पौधों का महत्व समझाया। साथ ही समर कैंप का समापन हुआ, जिसमें 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। सेक्टर-13 में संजय हॉस्पिटल की डायरेक्टर पूनम सिंह, सुनीता व वजीर आदि ने पौधे लगाए। यहां 250 बच्चों ने समर कैंप में भाग लिया। बीके रेनू बहन ने पेड़ों के महत्व, पर्यावरण संतुलन और जीवनशैली पर उनके प्रभाव पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में दीपा, अनु, ममता, निधि, प्रीति, दृष्टि, नव्या, जानवी, ज्योति, नीरज, लवकेश भाई व कविता बहन की विशेष सहभागिता रही। महेश भाई ने बच्चों को आत्मविश्वास, समय प्रबंधन और अनुशासन की शिक्षा दी। नई बस्ती के समर कैंप में लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया। यहां सत्येंद्र दहिया ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी। इंदु, निखिल व नीरज ने योग करवाया। प्रीति दीदी व संगीता बहन ने नैतिकता, सेवा, सहयोग और रचनात्मकता पर बच्चों को जागरूक किया।

बहादुरगढ़। अग्रवाल कॉलोनी पार्क में पौधे रोपती चेयरपर्सन व ब्रह्माकुमारियां।

डीसी ने दिया पर्यावरण सरंक्षण का संदेश

झज्जर। पौधारोपण करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

झज्जर। विश्व पर्यावरण दिवस के पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं सीटीएम रविंद्र मलिक ने भी पौधा रोपित किया और कार्यक्रम में सहभागिता की। डीसी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का दायित्व भी स्वयं निभाना चाहिए। पौधारोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक स्थायी धरोहर है।

आईटीआई में प्रतियोगिताओं का आयोजन

बहादुरगढ़। आईटीआई में पौधे रोपते छात्र व अनुदेशक।

बहादुरगढ़। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही पर्यावरण स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानाचार्या गीता आर सिंह ने सभी छात्रों और शिक्षकों को पर्यावरण स्वच्छ रखने का संकल्प दिलवाया। इसके साथ ही छात्रों और अनुदेशकों के साथ मिलकर संस्थान के प्रांगण में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में प्रदीप यादव, सत्येंद्र दहिया, प्रवीण मान, इंस्पेक्टर सतीश कुमार, उमरानी, देवेंद्र नरवाल, नरेंद्र शर्मा, तरसपाल, मुकेश्वर, राजेश, नवीन, अंकित व अरविंद आदि उपस्थित रहे।

धरती को हरा-भरा रखना कर्तव्य : कौशिक

बहादुरगढ़। सेक्टर-2 पार्क में पौधे रोपते दिनेश कौशिक व अन्य।

बहादुरगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा के विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सेक्टर-2 स्थित पार्क में पौधारोपण अभियान चलाया गया। उन्होंने समय-समय पर पौधों की देखभाल करने व पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प भी लिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर धरती को हरा भरा रखना हम सबका फर्ज है। इसके लिए हम ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित करें। इस मौके पर राजपाल जांगड़ा, हरिमोहन धाकरे, नरेश रोहिल्ला, शैलेंद्र अरोड़ा, जेई सोनू, प्रियांशु, रमेश आर्य, दलेल काजला, महेंद्र खत्री, दलबीर देशवाल, रोशन लाल जून आदि मौजूद रहे।

एक पेड़ मां के नाम के तहत लगाए 21 पौधे

बहादुरगढ़। ओमेक्स में पौधे लगाते भाविप सदस्य।

बहादुरगढ़। भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा ओमेक्स सिटी-2 के पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 21 पौधे लगाए गए। जिला समन्वयक सतीश शर्मा और शाखा संरक्षक पवन जैन ने प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की अपील की। शाखा अध्यक्ष मुरारी लाल गोयल और पर्यावरण संयोजक मुकेश शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाएगा तो आने वाले समय में हमारी प्रकृति खुशहाल होगी। इस अवसर पर सुनील बंसल, राहुल सिंघल, महेंद्र, प्रवीण, मनीष मित्तल, निशा सिंघल, मोना तायल, दीपा गर्ग, गोविंद दूबे, विनोद शाह, सुरेश शर्मा, अजीत, पवन, प्रवेश, रविन्द्र, नरेन्द्र, आदि ने पौधरोपण किया।

विद्यार्थियों ने रैली निकालकर किया जागरूक

- राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया पर्यावरण बचाओ पेड़ लगाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वीरवार को पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवकों ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी के सहयोग से पर्यावरण बचाओ पेड़ लगाओ अभियान चलाया। स्कूल से रेलवे रोड, नाहरा नाहरी रोड होते हुए जागरुकता रैली निकाली। खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह, प्रधानाचार्य मंजू रानी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सुरेश सैनी, ऋषि सहरावत आदि ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों को रैली के लिए रवाना किया। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए रचनात्मक कार्य करने को प्रेरित किया। मंच संचालन जोगेंद्र सिंह ने किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राकेश वत्स ने बताया कि हर स्वयंसेवक को एक पौधा और इको फ्रेंडली थैला दिया गया। इस मौके पर डॉ. अजय जैन, एसडीओ अजय बूरा, जेई सोनू, ज्ञानेंद्र, अमित, नीता, अनिल अहलावत, विजय छिल्लर, अमरदीप, राजेश, सुधीर प्रदीप, रवि व जितेन आदि मौजूद रहे।

बहादुरगढ़। वीरवार को रैली निकालते एनएसएस स्वयंसेवक।

तैराकी संघ ने एचएल सिटी में लगाए पौधे

बहादुरगढ़। एचएल सिटी में पौधरोपण करते अनिल खत्री।

बहादुरगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस पर हरियाणा तैराकी संघ ने एचएल सिटी और चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में नीम, पीपल और बड़ के पौधे लगाए। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए पौधे लगाने की अपील की। हमें विशेष दिनों पर यादगार स्वरूप पौधे लगाने चाहिएं। इस मौके पर सुनील खत्री, कोच साई जाधव, पदमपाल, कृष्णमुरारी, प्रदीप, बंटी आदि ने भी पौधे लगाए।

प्रकृति का संरक्षण ही मानवता की रक्षा : महिपाल

- 251 आयुर्वेदिक औषधियों वाले पौधों का रोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर गोद लिए गए गांव खेड़ी सुल्तान में 251 आयुर्वेदिक औषधियों वाले पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि प्रकृति के सुरक्षित रहने पर ही मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है। यदि हमने प्रकृति से छेड़छाड़ को नहीं रोका तो आने वाले समय में जीवों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं केवल ईश्वर का दंड नहीं होतीं, बल्कि मानव की स्वार्थपूर्ण गतिविधियां भी इन आपदाओं की जिम्मेदार होती हैं। इसलिए हम सभी को यह संकल्प भी लेना चाहिए कि हम अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रकृति का अंधाधुंध दोहन नहीं करेंगे। वृक्षों की कटाई, मिट्टी का क्षरण और जलवायु परिवर्तन आज हमारी सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। यदि हम अभी भी नहीं जागे तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सांस लेना भी कठिन हो जाएगा। इस मौके पर ग्राम सरपंच मंजू देवी, अजय फौजी, कुलदीप, पंचायत सदस्य अनिल, सीताराम, कालू, धन्नू, अर्जुन, हितेश, अनुष्का, सौरभ, कृतिका, अनुहया, सिद्धरमैया, सिमरनजीत, रमिंदर सिंह, कृष, हरिओम, अनुभव, ऋषांक, फरीद, शिकाक, डॉक्टर प्रियंका, डॉक्टर ईशुप्रिया, डॉक्टर आकांक्षा, डॉक्टर आमिर, डॉक्टर शेखर, डॉक्टर उत्तम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संस्कारम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षक।

बहादुरगढ़। मातन में ग्रामीणों को पौधे देते आयुष विभाग कर्मी।

मातन में बांटे पौधे

बहादुरगढ़। वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर गांव मातन में आयुष डिस्पेंसरी में डॉ. नीलम पंवार, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट नितिन, योग सहायिका सुनीता और वीना ने ग्रामीणों को औषधीय और अन्य पौधे वितरण किए। साथ ही उन्हें अपने आसपास पौधे लगाने और सफाई रखने के लिए जागरूक किया।

झज्जर। कॉलेज परिसर में पौधारोपण करती हुई छात्राएं।

पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ के लगाए नारे

झज्जर। डीएच लारेंस कॉलेज ऑफ एजूकेशन में पर्यावरण दिवस पर छात्राओं द्वारा कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चेयरमैन रमेश रोहिल्ला ने की। उन्होंने छात्राओं को पर्यावरण सरंक्षण के लिए जागरुक करते हुए पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ आदि नारे भी लगाए।

झज्जर। हिमालय स्कूल में पौधरोपण करते हुए शिक्षक।

शिक्षकों को पौधरोपण के फायदों से कराया अवगत

झज्जर। राव साहब पंडित बसंत लाल एजुकेशन द्वारा संचालित हिमालय हाई स्कूल में पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की मुख्याध्यापिका लीला देवी ने शिक्षकों के साथ मिलकर स्कूल परिसर में पौधे रोपित किए। उन्होंने पेड़ों से होने वाले फायदों से अवगत कराते हुए स्टॉफ सदस्यों को पर्यावरण सरंक्षण के लिए प्रेरित किया।

पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला

बहादुरगढ़। नूना माजरा में पौधे लगाते नवीन देशवाल व अन्य।

बहादुरगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस पर नूना माजरा स्थित बाबा रामदास इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था अध्यक्ष नवीन देशवाल ने सभी से अपनी जीवनशैली में बदलाव लाने का आह्वान किया। ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित धरती का निर्माण हो सके। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने प्लास्टिक का उपयोग कम करने, जल संरक्षण करने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने की शपथ ली।

वृक्ष हमारे जीवन का आधार : एसडीएम

झज्जर। लघुसचिवालय परिसर में पौधारोपण करते हुए एसडीएम अंकित कुमार।

झज्जर । विश्व पर्यावरण दिवस पर एसडीएम अंकित कुमार चौकसे ने को लघु सचिवालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखरेख करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। आज की तेजी से बदलती जलवायु परिस्थितियों में पेड़-पौधों की अहम भूमिका है। हर व्यक्ति को साल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी परवरिश भी करनी चाहिए, तभी पर्यावरण को बचाया जा सकता है।

भापड़ोदा आईटीआई में लगाए पौधे

बहादुरगढ़। पौधे लगाने का आह्वान करते स्टाफ व सोसायटी सदस्य।

बहादुरगढ़। न्यू होप मिशन सोसायटी ने भापडौदा आइटीआई में पौधरोपण करके विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। गांव की आइटीआई में बच्चों को पर्यावरण दिवस का महत्व बताया। इस दौरान प्रिंसिपल कृष्ण कुमार, जीआई अनूप कुमार, वीरेंद्र, सुशीला, ललित पाल, अरुण, विकास, रजनीश, अरुण कुमार, हरेंद्र कुमार, राजबीर, योगेश, सतीश, सुनील, राहुल, सतीश कुमार, आशीष राठी, प्रशांत गौतम व प्रमोद फौजी आदि ने पौधे लगाए।

पौधरोपण के साथ देखभाल भी जरूरी

झज्जर। महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी।

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय दुजाना में वीरवार को भूगोल विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार ने की। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षकों व विद्यार्थियों को पर्यावरण बचाने व पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल की जिम्मेवारी भी लेनी चाहिए। इस मौके पर डॉक्टर संदीप व डॉक्टर भागेश्वरी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।